**भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA**
**रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS**
**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.06.2024

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में जल प्रबंधन और पहल

### <u>वर्षा जल संचयन, बोरवेल एवं तालाबों का निर्माण</u>

जल पृथ्वी पर सभी जीवन के लिए आवश्यक एक बहुमूल्य संसाधन है। इस मूल्यवान संसाधन के प्रबंधन एवं संरक्षण की दिशा में सक्रिय कदम उठाना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। जल संरक्षण का अभिप्राय जल की हर बूंद से है।

पानी की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, जल शक्ति अभियान के हिस्से के रूप में आरेडिका ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन की रणनीति की योजना बनाई और 2023–24 में 100 मिलियन लीटर जल संरक्षण क्षमता विकसित की। वित्तीय वर्ष 2023–24 में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली ने प्रति वर्ष 30.20 मिलियन लीटर की पुनर्भरण क्षमता वाले पांच वर्षा जल संचयन का निर्माण किया था। जल संरक्षण की लागत को कम करने के लिए मौजूदा तालाब के चारो ओर रिचार्ज बोर की खुदाई के माध्यम से वर्षा जल संचयन की अवधारणा विकसित की गई है, जिसमें कंक्रीट और ईंट के काम को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, यह एक नयी हरित जल रिचार्जिंग अवधारणा है। मौजूदा तालाब की परिधि पर दस रिचार्ज बोरवेल का निर्माण किया गया, जिससे जल पुनर्भरण क्षमता 33.12 मिलियन लीटर प्रति वर्ष बढ़ गई है।

उपरोक्त के अलावा जॉगर्स एवं इको पार्क में एक मौजूदा तालाब का विस्तार किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप जल धारण क्षमता में 18 मिलियन लीटर की वृद्धि हुई । 12.49 मिलियन लीटर जल धारण क्षमता वाले तीन तालाबों का निर्माण किया गया है।

आरेडिका परिसर में मथना नाला से गुजरने वाले वर्षा जल का डायवर्जन किया गया है यह एक गेम चेंजर साबित होने जा रहा है क्योंकि इससे दर्जनों गांवों को कवर करने वाले बड़े जलग्रहण क्षेत्र के वर्षा जल का संचयन कर उपरोक्त निर्मित एवं विस्तारित तालाबों में किया जाएगा ।

एक मेगा जल संरक्षण योजना के अन्त र्गत वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 30.49 मिलियन लीटर की कुल धारण क्षमता वाले चार तालाब और मौजूदा तालाब की परिधि पर 63.22 मिलियन लीटर की कुल रिचार्ज क्षमता वाले पांच वर्षा जल संचयन और दस रिचार्ज बोर बनाए गए थे।

2023–24 में 100 मिलियन लीटर जल संरक्षण क्षमता सृजन के साथ, एमसीएफ की कुल जल संरक्षण क्षमता बढ़कर 530 मिलियन लीटर हो गई है।

एमसीएफ ने चालू वर्ष 2024–25 में 100 मिलियन लीटर जल संरक्षण क्षमता बनाने की योजना बनाई है।

15/6/2024
(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी